

## एक नजर में

### जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन से पहले कलेक्टर ने किया सभा स्थल का निरीक्षण



**आलीराजपुर** । जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 15 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्था की समीक्षा के लिए कलेक्टर नीतू माथुर ने शनिवार को सभा स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, हितलाभ वितरण कार्यक्रम, सुरक्षा व्यवस्था, लोकार्पण एवं भूमिपूजन गतिविधियों सहित अन्य अहम बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और सभी आवश्यक व्यवस्था समयसीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएँ। कलेक्टर माथुर ने कार्यक्रम स्थल पर आवागमन की सुगम व्यवस्था, ट्रैफिक मैनेजमेंट, पेयजल उपलब्धता, पार्किंग, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा और अन्य नागरिक सुविधाओं की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह, सीईओ जिला पंचायत प्रखर सिंह, उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी तपीश पांडे सहित जिले के विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### आलीराजपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जारी जिला एवं तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित

**आलीराजपुर** । मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नीतू



माथुर के निर्देशन में जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तेजी से संचालित किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र 191-अलीराजपुर और 192-जोबट में बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर गणना फॉर्म का वितरण एवं संग्रहण किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हो सकें।नागरिकों की सुविधा के लिए तहसील और जिला स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित की गई हैं, जहां स्ढ्क्रसे संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने बताया कि म.प्र मुख्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1950 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। नागरिक इस नंबर पर प्रात: 08 बजे से रात 08 बजे तक संपर्क कर स्ढ्क्रसे संबंधित सूचना व सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने नाम को मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज करवाना सुनिश्चित करें।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शारदा विद्या मंदिर में हुआ भव्य आयोजन

**झाबुआ** । भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में





शारदा विद्या मंदिर, बिलिडोज में विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जनजातीय नायक बिरसा मुंडा के अद्वितीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय में भाषण, प्रश्न मंच, चित्रकला एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा के जीवन, जनजातीय संस्कृति एवं प्रकृति संरक्षण पर आधारित विषयों को अपनी कल्पना शक्ति और रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। कक्षा 3 से 5 तक के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित प्रश्न मंच प्रतियोगिता अत्यंत ज्ञानवर्धक रहीं, जिसमें विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा के संघर्ष, उनके आंदोलन एवं जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए किए गए प्रयासों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। प्री-प्राइमरी के नन्हे विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में जनजातीय परंपरा से जुड़ी वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया।

**बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्षो से अवगत करवाया**-कार्यक्रम के दौरान संस्था के उप प्राचार्य मकरंद आचार्य ने विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और देश के प्रति समर्पण के बारे में प्रेरक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक जननायक नहीं, बल्कि जनजातीय समाज की पहचान, आत्मसम्मान और स्वाभिमान के प्रतीक है। जिनके विचार आज भी समाज को प्रेरित करते है। कार्यक्रम संस्था संचालक किरण शर्मा एवं प्राचार्य दीपशिखा तिवारी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि भगवान बिरसा मुंडा की विरासत, प्रकृति संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और आत्मनिर्भरता को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में ना केवल ज्ञानवर्धन किया, बल्कि जनजातीय गौरव और राष्ट्रीय भावना को भी प्रबल किया।

### बाल मेले का आयोजन

**झाबुआ.** कन्या माध्यमिक शाला इंग्लिश मीडियम झाबुआ में सक्षम बाल कैबिनेट लीडरशिप डे (बाल दिवस) के अवसर पर एक भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में झाबुआ सहायक कलेक्टर आशीष कुमार और सहायक आयुक्त सुप्रिया बिसेन की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरुआत में जिले के अधिकारियों का बाल कैबिनेट के पदाधिकारियों के द्वारा वेलकम कार्ड एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इसके बाद, बच्चो द्वारा लगायी गई मेरी सीख की कॉपी की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

## बीजेपी-एनडीए गठबंधन की शानदार जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

### पं. दिनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक-दूसरे को खिलाई मिठाई

#### जमकर आतिशबाजी की गई

**झाबुआ** । 14 नवंबर, शुक्रवार को बिहार राज्य के आए चुनाव नतीजों में भाजपा और एनडीए गठबंधन की एक तरफा जीत पर जिलेभर में भाईपाईयों में खुशी का माहौल है। जिला भाजपा द्वारा स्थानीय राजगढ़ नाका पर शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे पं. दिनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शानदार जीत पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया। इस दौरान सभी ने भाजपा और भारत माता के जयघोष भी लगाए। बाद जोरदार आतिशबाजी भी की गई।



राजगढ़ नाका पर जिला भाजपा, भारतीय जनता युवा मोर्चा, भाजपा मंडल झाबुआ एवं विभिन्न मोर्चा और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर सामूहिक रूप में बिहार की ऐतिहासिक जीत पर जश्न मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र यादव एवं रामेश्वर नायक, पूर्व जिला महामंत्री सोमसिंह सोलंकी, भाजपा खेल प्रकोष्ठ संयोजक शैलेष बिट्टू सिंगार, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर पाठक, मंडल महामंत्री राजेश थापा, मंडल मंत्री स्वीट गोस्वामी एवं रवि थापा, जिला पंचायत सदस्य विजय भाबोर, भायजुमो जिला उपाध्यक्ष अतुल चौहान, अभय वाखला एवं थावरिया अमलियार, जिला कार्यालय मंत्री मजेसिंह मखोड़िया, प्रशांत बामनिया, कापसिंह भूरिया, महेश वर्मा, युवा मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी रविन्द्र भूरा आदि ने राजगढ़ नाका पर भाजपा एवं भारत माता के जयघोष के साथ सर्वप्रथम यहां भाजपा के जनक पं. दिनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाद वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों ने बिहार फतह पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया।



## बिहार विजय पर की आतिशबाजी, बांटी मिठाई

**मेघनगर .** बिहार विधानसभा के रुझान एन डीए के पक्ष मे सुबह से हि आ रहे थे भाजपा कार्यकर्ता उत्साहीत हो रहे थे बिहार में सरकार बनती देख मेघनगर भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओ ने स्थानीय साईं चोराहा व आजाद चोक पर आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर एक दुसरे को बधाई दी । इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रूप सिंह भूरिया ,भाजपा वरिष्ठ नेता मुकेश मेहता ,अशोक बसैर ,राजेश बागरेचा, पार्षद संतोष परमार, फारुख शेरानी,भाविक बारोट, वेद प्रकाश बसैर, बाबू मचार,कौशल सोनी,रोहित देवाना , दिनेश धाकिया, पिंटू बसौड, दिनेश परमार, प्रेम सौलकी , दिनेश दैवाणा , बदिया भगत , शैलेष भूरिया, बादल भूरिया , उपस्थित थे .



## महाकालिका माता मंदिर पर भैरवजी का विशेष श्रृंगार कर लगाया भोग

**झाबुआ** । शहर के नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर में विराजित भैरवजी का भैरव अष्टमी के उपलक्ष में विशेष श्रृंगार किया गया एवं भगवान को भोग लगाया गया। महाआरती कर सभी को प्रसादी हुआ।

उक्त कार्यक्रम में मंदिर समिति के वरिष्ठ राजेन्द्रप्रसाद अग्निहोत्री, कन्हैयालाल राठौर, अतिश शर्मा, व्यवस्थापक कांतिलाल नानावटी, प्रदीपकुमार अरोड़ा, उमेश गुप्ता, राजेंद्रपूरी गोस्वामी, लोचन गुप्ता तुषार राठौर, नवनीत त्रिवेदी, कीर्ति राठौर, महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी रुक्मणी वर्मा, अनिला बेस, कल्पना राणे, मंजुला परमार आदि सहित बड़ी संख्या में शहर के भक्तजन उपस्थित रहे। मंदिर में दिनभर भैरवजी के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रहीं। श्रद्धालुओ ने आस्था एवं श्रद्धा के साथ भैरवजी की पूजा-अर्चना कर भगवान को भोग लगाया।

## भील महासंघ की मांगों पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिए निर्देश

#### जिला प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

**झाबुआ** । विगत 9 मार्च-2025 को झाबुआ में आयोजित भील महासंघ मप्र के विशाल सम्मेलन में रखी गई प्रमुख मांगों पर अब प्रदेश सरकार ने कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय, राजस्व विभाग और कलेक्टर कार्यालय झाबुआ के बीच हुए पत्राचार से यह स्पष्ट हुआ है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए है।

भील महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज अरोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में भील महासंघ प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर ने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़ी



कई महत्वपूर्ण घोषणाएं रखी थी, जिनमें मुख्यत भील समाज की संस्कृति और शिक्षा के संरक्षण हेतु भील भवन का निर्माण, झाबुआ में भूमि आवंटन कर धर्मशालाओं के निर्माण की मांग, युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना, अनास एवं नर्मदा नदी क्षेत्र के जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने हेतु मांग की थी।

**मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी हुए निर्देश**-मुख्यमंत्री कार्यालय मप्र शासन द्वारा जारी पत्र 1 अक्टूबर-2025 के माध्यम से राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया कि भील महासंघ द्वारा की गई घोषणाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके पश्चात राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल ने 24 अक्टूबर को पत्र जारी कर कलेक्टर झाबुआ को भूमि आवंटन एवं निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

#### कलेक्टर ने की कार्रवाई की पुष्टि

कलेक्टर झाबुआ कार्यालय से 7 नवंबर को जारी पत्र में कहा गया कि गुमानसिंह डामोर की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन की घोषणाओं पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित विभागों जल संसाधन, जनजातीय कार्य एवं जिला योजना अधिकारी को आवश्यक प्रस्ताव एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। भील महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस पहल से समाज में उत्साह का माहौल है। प्रदेश अध्यक्ष जीएस डामोर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमारी मांगों को गंभीरता से लिया, अब प्रशासनिक स्तर पर कार्य प्रारंभ होना समाज के लिए ऐतिहासिक कदम है।

## बाल दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**आलीराजपुर** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के मार्गदर्शन में "न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह" के अंतिम दिवस को "बाईक रैली" व "विधिक जागरूकता/साक्षरता शिविर" तथा स्लोगन, निबंध, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष द्वारा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, बाइक रैली जिला न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर काजू विकास रोड-बस स्टैंड-एम.जी. रोड-झंडा चैक-दाहोद नाका-सिनेमा चौराहा होकर जिला न्यायालय परिसर पर समापन किया गया, जिसमें न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैरालीगल वालेंटियर्स, अशासकीय संगठन, न्यायालयीन कर्मचारीगण हर्षोल्लास के साथ सम्मिलित हुए। इसके साथ ही "बाल दिवस" के अवसर पर स्वामी विवेकानंद विद्यापीठ, आलीराजपुर में छात्र-छात्राओं हेतु स्लोगन, रोल प्ले, निबंध, चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

> विधिक साक्षरता शिविर में बाल अधिकार, बाल सुरक्षा कानून, साइबर सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो अधिनियम, बाल श्रम विरोधी कानून, यातायात नियम, नालसा एवं सालसा की योजनाओं, शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षक व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी गई ।



## आदर्श कॉलेज के विद्यार्थियों ने जनजातीय गौरव दिवस रैली निकाली

**झाबुआ** । मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार स्व. दिलीपसिंह भूरिया शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में एवं संस्था प्राचार्य पीके उछावर के मार्गदर्शन में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर 1 से 15 नवंबर तक जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में जनजातीय गौरव दिवस रैली का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य पीके उछावर द्वारा रैली को संबोधित करते हुए धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व और उनके जल, जंगल, जमीन के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। रैली का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण से होते हुए मरीमाता चौराहा, न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, लक्ष्मीनगर कॉलोनी होते हुए पुन: महाविद्यालय प्रांगण पहुंची।

## एसआईआर फॉर्म हर मतदाता तक मिलना आवश्यक : डॉ.विक्रांत भूरिया



**झाबुआ** । देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर स्थानीय गोपाल कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं उनके उद्देश्य और सोच को कांग्रेस नेताओं ने सभी के समक्ष रखकर पद चिन्हो पर चलने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने कहा कि पं. नेहरू का सशक्त भारत निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा। विधायक भूरिया ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एसआईआर करवा रहा है, जिसमें सतर्क रहने की जरूरत है। बिहार में 65 लाख मतदाता को बाहर कर दिया गया था, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। मप्र में पार्टी द्वारा जो बीएलए नियुक्त किए गए है, वह सतर्क हो जाए और हर मतदाता के पास फॉर्म पहुंचे और उन्हें भरने में सहयोग दे।

#### सभी मतदाताओं से फार्म भरवाए जाएं

पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने पं. जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता फार्म में कोताही नहीं बरते। बूथ वॉइस प्रभारी नियक्त कर इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले, कोई भी मतदाता फॉर्म भरने से वंचित नहीं रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने कहा कि शीघ्र ही ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल एवं अन्य मोर्चा संगठन के कांग्रेस पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से जवाबदारी दी जा रहीं है, जिनका पूर्ण प्रयास रहेगा कि एसआईआर फॉर्म हर मतदाता को प्राप्त हो और उनको भरने के लिए हर बूथ स्तर पर घर-घर जाकर मतदाता से संपर्क करें।

**एक नजर** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का किया गया आयोजन

## पीएम के 'आत्मनिर्भर भारत' में युवाओं को जिम्मेदारी का निर्वहन करना है : भूरिया

**झाबुआ** । भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभवसिंह पंवार के निर्देश पर भाजयुमो जिला इकाई द्वारा 14 नवंबर, शुक्रवार दोपहर 1 बजे से स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' रखा गया। निर्धारित विषय पर अतिथियों ने उपस्थित युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। सम्मेलन के समापन पर अतिथियों एवं उपस्थित समस्त युवाओं ने 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान अंतर्गत स्वदेशी वस्तुओं को दैनिक दिनचर्या में जीवंत पर्यंत अपनाने का सामूहिक संकल्प भी दोहराया।

जानकारी देते हुए भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी ने बताया कि आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन में अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र यादव एवं रामेश्वर नायक, पूर्व जिला महामंत्री सोमसिंह सोलंकी, भाजपा खेल प्रकोष्ठ संयोजक शैलेष बिट्टू सिंगार, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर पाठक मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा भारत माता, भाजपा के जनक पं. दिनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया।



अतिथियों का स्वागत भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अतुल चौहान, जिला महामंत्री अभय वाखला, जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी, भाजपा मंडल महामंत्री राजेश थापा, मंडल मंत्री स्वीट गोस्वामी एवं रवि थापा, जनपद सदस्य मुनसिंह परमार आदि ने किया। स्वागत उद्बोधन भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान ने देते हुए बताया कि भायजुमो के प्रदेश स्तरीय आव्हान पर आज जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। जिसका उद्देश्य युवाओं को 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान से जोड़कर इसमें अधिकाधिक युवाओं की सहभागिता और युवाओं के माध्यम से आमजन को स्वदेशी वस्तुओ को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

**जीवन पर्यन्त स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी करना है**-भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजपा का मुख्य सहयोगी संगठन है। युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित समस्त युवा यह प्रण ले कि वह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान में अपनी जिम्मेदारी का निवर्हन करते हुए स्वयं स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के साथ आमजन को भी स्वदेशी सामग्रीयों की खरीदी और उसे जीवंत पर्यत्त अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। स्वदेशी वस्तुओं को दैनिक दिनचर्या में अपनाने से देश आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत बनने के साथ आत्मनिर्भर बनेगा।

**संकल्प दिलवाया गया**-सम्मेलन के समापन अवसर पर मंचासीन अतिथियों एवं उपस्थित समस्त युवाओं ने हाथ खड़े कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया। संकल्प भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान ने दिलवाया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मजेसिंह मखोड़िया एवं आभार युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष थावरिया अमलियार ने किया। सम्मेलन में भायजुमो के समस्त जिला पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्ष-महामंत्री के साथ जिलेभर से आए युवाजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

#### युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति

भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र यादव ने उपस्थित युवाओं को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से होने वाले फायदे एवं राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर नायक ने उपस्थित समस्त भाजपाईयों को बिहार राज्य में भाजपा एवं एनडीए गठबंधन की शुभकामनाएं देते हुए सभी से भारत माता और भाजपा के जयघोष लगवाएं। पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सोमसिंह सोलंकी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं की जानकारी देते हुए 'आत्मनिर्भर भारत और लोकल वॉर वोकल' को लेकर प्रोत्साहित किया।